भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1338
दिनांक 27.07.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए
.....

प्लास्टिक पार्क

1338. श्री हँसमुखभाई एस. पटेल:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में कोई प्लास्टिक पार्क उपलब्ध है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में प्लास्टिक पार्कों की स्थापना संबंधी योजना को बढ़ावा देने और उसे कार्यान्वित करने हेतु की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और
(घ) गुजरात राज्य में प्लास्टिक पार्क की उपलब्धता के बारे में ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री मनसुख मांडविया)</u>

(क) और **(ख)** : जी, हां। रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग ने देश भर में दस प्लास्टिक पार्कों की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की है और इनमें से आठ प्लास्टिक पार्कों को अंतिम मंजूरी दे दी गई है। ये असम, मध्य प्रदेश (दो प्लास्टिक पार्क), ओडिशा, झारखंड, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्यों में स्थित हैं। इन आठ प्लास्टिक पार्कों का विवरण इस प्रकार है:

1) **<u>मध्य प्रदेश</u>:** भारत सरकार से 40.00 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ तामोट में कुल 108.00 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

2) **<u>मध्य प्रदेश</u>:** भारत सरकार से 34.36 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ बिलौआ में 68.72 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

3) **<u>ओडिशा</u>:** भारत सरकार से 40.00 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ पारादीप में 106.78 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

4) **<u>झारखंड</u>:** भारत सरकार से 33.66 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ देवघर में 67.33 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

5) **<u>तमिलनाडु</u>:** भारत सरकार से 40.00 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ तिरुवल्लूर में 216.92 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

6) **<u>असम</u>:** भारत सरकार से 40.00 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ तिनसुकिया में 93.65 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

7) **<u>उत्तराखंड</u>:** भारत सरकार से 33.90 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ सितारगंज में 67.73 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की दिसंबर, 2020 में मंजूरी दी गई है।

8) **<u>छत्तीसगढ़</u>:** हाल ही में अप्रैल, 2021 में भारत सरकार से 21.04 करोड़ रुपये की सहायता अनुदान के साथ सरोरा, रायपुर में 42.09 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ प्लास्टिक पार्क की मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, उत्तर प्रदेश (गोरखपुर) और कर्नाटक (गंजिमट, दक्षिण कन्नड़) में दो और प्लास्टिक पार्कों के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी प्रदान की गई है।

(ग) : योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा स्थापित स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) द्वारा परियोजना का संवर्धन और कार्यान्वयन किया जाता है। एसपीवी प्रोत्साहन/छूट देकर और रोड-शो, अभियान, औद्योगिक कार्यक्रम आदि में भागीदारी के माध्यम से निवेश आकर्षित करने के लिए उत्तरदायी है।

(घ) : गुजरात राज्य में अभी तक किसी भी प्लास्टिक पार्क के कार्यान्वयन की मंजूरी नहीं दी गई है। तथापि, पूर्व में राज्य सरकार ने इस मामले में रुचि प्रकट की थी और उन्होंने 31.03.2017 को एक प्रारंभिक प्रस्ताव भेजा था। राज्य सरकार ने पुन: उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गुजरात औद्योगिक विकास निगम से प्राप्त दिनांक 29.06.2021 के अ.शा.पत्र के माध्यम से इसमें रुचि दिखाई है।

****